सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

कक्षा - तीन विषय - हिंदी **पाठ - 11 (भारत कितना प्यारा है)**

शब्दार्थ

१. गंग - गंगा नदी

२. धारा - लहर

३. भूमि - ज़मीन

४. अन्न - अनाज

५. डालो - पेड़ की टहनियाँ

६. पाल -पसोकर - परवरिश करना

७. हरियाली - चारों ओर फैले हरे-भरे पेड़ -पौधों से बना सुंदर दृश्य

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ------

प्रश्न १. भारत में किसकी धारा बहती है ?

उत्तर - भारत में गंगा और यमुना नदी की धारा बहती है ।

प्रश्न २. भारत की भूमि कैसी है ?

उत्तर - भारत की भूमि हरी-भरी तथा फल- फूलों से लदी भूमि है ।

प्रश्न ३. हमने किसके अन्न -जल का उपयोग किया ?

उत्तर - हमने भारत देश के अन्न -जल का उपयोग किया है।

प्रश्न ४- भारत में आमों की डाली पर कौन गाती है ?

उत्तर - भारत में आमों की डाली पर कोयल गाती है ।

निम्न शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ----

क) भूमि - ज़मीन

वाक्य - भारत देश की भूमि उपजाऊ है।

ख) अन्न - अनाज

वाक्य - हमें अन्न का अपमान नहीं करना चाहिए ।

ग) धारा - लहर

वाक्य - भारत देश में गंगा की पवित्र धारा बहती है ।

घ) गंग - गंगा नदी

वाक्य - गंगा हिमालय से निकलती है।